वैयक्तिक विभिन्नता के क्षेत्र
(Areas of Individual Differences)

व्यक्ति का व्यक्तित्व अनेक गुणों का योग है। जहाँ अनेक गुण उसे वंश परम्परा से प्राप्त होते हैं, वहीं अनेक गुणों को वह वातावरण से अर्जित करता है। वस्तुतः व्यक्ति का व्यक्तित्व जैविकदाय और सामाजिक धरोहर के एकीकरण की उपज है। इन्हीं गुणों के आधार पर व्यक्तियों के व्यक्तित्व में भिन्नताएँ पायी जाती हैं। व्यक्तित्व के ये गुण मुख्यतः उसके शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक और सामाजिक क्षेत्र

सम्बन्धित होते हैं और इन क्षेत्रों में उसका विकास भिन्न-भिन्न अनुपात में होता है। अतएव इन क्षेत्रों को वैयक्तिक भिन्नता के क्षेत्रों के रूप में स्वीकार किया जाता है। इनका विवरण निम्न प्रकार है—

(1) **शारीरिक विभिन्नता का क्षेत्र** (Area of Physical Differences)—इसके अंतर्गत निम्नलिखित दो क्षेत्र आते हैं—

(i) शारीरिक भिन्नता (Physical Differences)

(ii) गत्यात्मक योग्यता भिन्नता (Motor Ability Differences)

(2) **मानसिक या बौद्धिक विभिन्नता का क्षेत्र** (Area of Mental or Intellectual Differences)—इसके अंतर्गत निम्नलिखित चार क्षेत्र आते हैं—

(i) बुद्धि भिन्नता (Intelligence Differences)

(ii) उपलब्धि भिन्नता (Achievement Differences)

(iii) प्रवणता भिन्नता (Aptitude Differences)

(iv) विशिष्ट योग्यता भिन्नता (Special Abilities Differences)

(3) **संवेगात्मक विभिन्नता का क्षेत्र** (Area of Emotional Differences)—इसके अंतर्गत निम्नलिखित तीन क्षेत्र आते हैं—

(i) सांवेगिक भिन्नता (Emotioonal Differences)

(ii) अभिरुचि भिन्नता (Interest Differences)

(iii) अभिवृत्ति भिन्नता (Attitude Differences)

(4) **सामाजिक विभिन्नता का क्षेत्र** (Area of Social Differences)—इसके अन्तर्गत निम्नलिखित चार क्षेत्र आते हैं—

(i) सामाजिक गुणों में भिन्नता (Differences in Social Traits)

(ii) सांस्कृतिक लक्षणों में भिन्नता (Differences in Cultural Traits)

(iii) आदर्शों, मूल्यों और नैतिकता में भिन्नता (Differences in Ideals, Values and Morality)

(iv) जातीय और राष्ट्रीय भिन्नता (Differences in Racial and National Field)